उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ-226010

विज्ञप्ति संख्या-11 (परीक्षा)/2016

राजस्व निरीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2016

आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि- 02 मई, 2016

आवेदन सबमिट किए जाने की अंतिम तिथि- 23 मई, 2016

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या-08- परीक्षा/ 2016 द्वारा राजस्व निरीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2016 के अंतर्गत निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन राजस्व निरीक्षक, वेतन बैंड रु. 5200-20200/- ग्रेड पे-2800/-, के कुल रिक्त 465 (स्थायी) पदों (अनारक्षित-241, अनुसूचित जाति-94, अनुसूचित जनजाति-09 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग- 121) पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों तथा क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित अन्य श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की सुविधा और प्रदेश सरकार के अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अनुमन्य है, को विद्यमान आरक्षण संबंधी अधिनियम-1994 यथा संशोधित शासनादेशों के अनुसार क्रमशः आरक्षण की सुविधा एवं अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी। अतः उपर्युक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो निम्नलिखित अर्हता रखते हों और जिनकी 01 जुलाई, 2016 को आयु 18 से 40 वर्ष हो, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अनिवार्य अर्हता- 1- कामर्स अथवा अर्थशास्त्र में स्नातक उपाधि।

अधिमानी अर्हता- उपर्युक्त पदों के लिए अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जाएगा, जिसने-

1- प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या,

2- राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

चयन का आधार- लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार है। प्रश्नगत पदों पर चयन हेतु उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015 अधिसूचना दिनांक 11 मई, 2015 में विहित प्राविधानों के अंतर्गत सीधी भर्ती की प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के अंक वही होंगे, जो राज्य सरकार के अनुमोदन से आयोग द्वारा निर्धारित किए जायेंगे। तद्नुसार लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि के संबंध में यथा समय सूचित किया जाएगा।

उपरोक्त पदों के संबंध में विज्ञापन की शर्तें, निर्धारित प्रारूप आदि का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर दिनांक 02.05.2016 से उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन पत्र सबमिट (Submit) करने की अंतिम तिथि 23.05.2016 है। इच्छुक अभ्यर्थी ई-चालान/आई कलेक्ट के माध्यम से दिनांक 21.05.2016 तक अपना शुल्क जमा कर सकते हैं। आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 02.05.2016 से प्रारम्भ होगी।

(महेश प्रसाद)
सचिव

UP-105814 दिनांक :13-04-16 विज्ञापन वेबसाइट **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है